**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–21 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर के किसानों के साथ किया संवाद : कहा–एयरपोर्ट के अंतिम चरण के लिए जमीन देने वाले किसानों को एकतीस सौ की जगह एकतालिस सौ प्रतिवर्ग मीटर की दर से दिया जाएगा मुआवजा।
- संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी विधेयक : समिति अगले सत्र के अंतिम सप्ताह में सौंपेगी रिपोर्ट।
- केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा– 2030 तक 35 हजार करोड़ का होगा देश का कपड़ा बाजार।
- यूपी बोर्ड दो हजार पचीस के इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी। तेइस जनवरी से आठ फरवरी तक होंगी परीक्षाएं।
- आज से शुरू हो रहा पांच दिवसीय मेरठ महोत्सव : ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा– महोत्सव से शहर को मिलेगी नई पहचान।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अंतिम फेज के लिए भूमि देने वाले जेवर के किसानों से संवाद किया । इस अवसर पर उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि सभी प्रभावित किसानों के व्यवस्थापन और रोजगार का इंतजाम किया जाएगा। साथ ही किसानों को नियमानुसार ब्याज का भी भुगतान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे और अंतिम चरण के लिए एयरपोर्ट को जमीन देने वाले किसानों को बढी हुई दर पर मुआवजा देने का फैसला किया गया है।

**अन्य जो सुविधाएं मिल रही हैं। उन सुविधाओं के साथ साथ इस रेट को बढा करके जो ग्रेटर नोएडा का तय है, 4100 रुपए, 3100 से बढ़ा कर के इसको 4100 मुझे लगता है करते हैं। तो किसानों को एक सामान्य जनक कम्पनसेशन मिल सकता है। और मैं ये चाहूंगा आप सभी लोग इसके अनुसार उस भूमि को देंगे तो दोनों को लाभ होगा। यानी आपको भी और अथॉरिटी उस पर आगे के निर्माण कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए ।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन भी किया। मुख्यमंत्री अयोध्या के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है।

**आज अयोध्या में क्या नहीं है। राम लला का आगमन हो गया। रामलला के आगमन के पूर्व अयोध्या के वैभव को अयोध्या को वापस कराने के लिए कार्य करना पड़ा था। डबल इंजन की सरकार ने इस कार्य को संतो के मार्गदर्शन में इस कार्य को आगे बढ़ाया आज वो पूर्ण हो चुका। ये लगातार निरंतरता प्राप्त करता रहे। याद रखना विरासत को विस्मृत करके हम भौतिक विकास को स्थाई नहीं रख सकते।**

**********

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कल लोकसभा में एक देश–एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया। समिति में लोकसभा के सत्ताइस सदस्य और राज्यसभा के 12 सदस्य हैं। लोकसभा की कार्यवाही कल जब शुरू हुई तो विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संविधान संशोधन विधेयक,2 हजार 24 और केंद्र शासित प्रदेश कानून 2 हजार 24 को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया। यह समिति संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सदन को सौंप देगी।

**********

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कल ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित टेक्सटाइल कनेक्ट – एचआर समिट एंड एक्सीलेंस अवाड्र्स दो हजार चौबीस के समारोह में कहा कि कपड़ा उद्योग कृषि के बाद देश में दूसरा सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला क्षेत्र है। उन्होंने वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में मानव संसाधन में और ज्यादा कौशल विकास पर जोर दिया। श्री सिंह ने कहा कि भारत ने कपड़ा क्षेत्र में दोह हजार तीस तक तीन सौ पचास बिलियन डॉलर तक के बाजार का लक्ष्य रखा है।

**आने वाले दिनों में भारत सरकार ने 2030 तक हमने कुछ अपना लक्ष्य रखा है और आप लोगों से विमर्श करके ही रखा है। अगर इण्डस्ट्री का साइज, हमने 11–12 में 13–14 में हम देखते हैं। वहां से हमारी जर्नी 10 साल का होता है। तो हम लगभग 170 बिलियन डालर की मार्केट साइज पर होती है लेकिन हमने एक लम्बा आपके सहयोग से साढ़े तीन सौ बिलियन डालर का मार्केट साइज को हमने लिया है।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर चौदह जनवरी तक पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के दौरान विद्यार्थी अपनी पसंद के प्रश्न, जो वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं, जमा करा सकते हैं। लेकिन, ये प्रश्न परीक्षा के तनाव, करियर और जीवन में भावी आकांक्षाओं के बारे में होने चाहिये। इससे पहले, कार्यक्रम के 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें बच्चों से बात करने का अवसर मिलता है।

**********

यूपी बोर्ड की वर्ष हजार पचीस की लिखिल परीक्षा के बाद अब इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। ये परीक्षाएं तेइस जनवरी से शुरू हो कर आठ फरवरी तक चलेंगी। बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के अनुसार पहले चरण में तेइस से एक्तीस जनवरी तक आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, देवीपाटन और बस्ती मंडल में परीक्षा करायी जाएगी। इसी तरह दूसरे चरण में एक से आठ फरवरी तक अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी और गोरखपुर मंडल के जनपदों में परीक्षा होगी।

**********

मेरठ के भामाशाह पार्क में आज से पांच दिवसीय मेरठ महोत्सव शुरू हो रहा है। 25 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव के लिए जिला प्रशासन द्वारा कल महोत्सव स्थल पर पूजन कराया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महोत्सव के माध्यम से मेरठ को नई पहचान मिलेगी।

**मेरठ महोत्सव हम लोग बहुत दिन से चाहते थे, शुरूवात हुई है। आज भूमि पूजन किया गया है। सभी लोग यहां पर उपस्थित हुए है। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि पूर्ण हो ठीक से, सभी लोगों का सहयोग बना हुआ है। एक नई पहचान मिलेगी मेरठ को इसके माध्यम से।**

**********

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ दो हजार पचीस में श्रद्धालुओं को तीन नये कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता  दो हजार तेइस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम दो हजार तेइस की भी जानकारी दी जाएगी। लखनऊ में तीनो नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियानवयन के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ मेले में इन कानूनों के प्रचार प्रसार के लिए प्रदर्शनी लगायी जाए। उन्होंने कहा कि छोटे–छोटे वीडियों के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को नये कानूनों की विशेषता की जानकारी दी जाए। विशेष उपलिब्धियो को इंटरनेट मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित किया जाए।

श्री योगी ने कहा कि मार्च दो हजार पचीस तक पुलिस कर्मियों को नये कानूनों के बारे में प्रशिक्षण पूरा करा लिया जाए। साथ ही इसे प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए उपयोगी सभी उपकरणों की खरीद भी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि नये कानूनों के बारे में व्यापक जन जागरूकता की आवश्यकता है। श्री योगी ने कहा कि नये कानूनों के अनुपालन में फॉरेसिंक जांच की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में सभी जिलों में एक–एक और नये फॉरेसिंक मोबाईल वैन उपलब्ध करायी जाए।

उधर, महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी तैयारी तेजी से चल रही है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉक्टर रतन सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम 24 घंटे मेला क्षेत्र में उपलब्ध रहेगी। मेला क्षेत्र में 23 चिकित्सालय स्थापित किए गये हैं। जिनमें एक केन्द्रीय चिकित्सालय भी शामिल हैं।

**********

प्रदेश में जल्द ही पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पंचायती राज निदेशालय द्वारा लखनऊ में आयोजित''स्वच्छता ही सेवा'' विषयक संगोष्ठी में कल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारियों के पदोन्नति के लम्बित मामलो के निस्तारण के लिए पांच सदस्यों की एक कमेटी बनायी जायेगी।

**********